e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, शुक्रवार, 8 मार्च 2019, फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष द्वितीया, संवत् 2075 विक्रमी वर्ष-12, अंक-143, पृष्ठ-12, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

शब्द शब्द संघर्ष

DNA डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट

RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

पुस्तक में एसएमएस की बड़ी भागीदारी

लखनऊ। सेंटर फार इजुकेशन ग्रोथ व रिसर्च संस्थान नई दिल्ली द्वारा उनकी 14वीं पुस्तक का विमोचन कुछ दिनों पूर्व अखिल भारतीय तकनीकी परिषद के सदस्य सचिव प्रो. एपी मित्तल जो इस पुस्तक के मुख्य सम्पादक भी हैं, द्वारा किया गया। इससे सीईजीआर के गौरवमयी इतिहास में एक नई उपलब्धि दर्ज हुई। रवीश रोशन निदेशक सीईजीआर द्वारा अवगत कराया गया किए इस पुस्तक का पाठ्यक्रम भारतवर्ष में प्राथमिक अनुसंधान के आधार पर तैयार किया गया है, जिसमे पाठ्यक्रमानुसार सभी मूल चैप्टर शामिल किए गये हैं। आशा है कि विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए यह एक प्रकार की अनोखी पुस्तक साबित होगी, जिससे वे सभीलोग अत्याधिक लाभांवति हो सकेंगे। स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज लखनऊ के महानिदेशक डॉ. भरत राज सिंह का इस पुस्तक मे सर्वाधिक चैप्टरों का योगदान रहा। इनके द्वारा 14 चैप्टर की इस पुस्तक में 3 चैप्टरों को जोड़कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। यह पुस्तक अब सभी अग्रणी बुक स्टाल पर मौजूद है।